# क्या आप 2024 में प्राथमिक (प्राईमरी) स्कूल में भर्ती करा रहे/रही हैं

स्कूल शुरू करना बच्चों, माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए एक रोमांचक समय होता है। हम आपके लिए भर्ती प्रक्रिया को यथासंभव आसान बनाने में मदद करना चाहते हैं।



विक्टोरिया में आपके बच्चे/आपकी बच्ची के पास *शिक्षा एवं प्रशिक्षण सुधार अधिनियम 2006 (Education and Training Reform Act 2006)* के तहत अपने नामित आस-पड़ोस के स्कूल (आपके 'स्थानीय स्कूल') में भाग लेने का अधिकार है।

आप ऐसे स्कूल में भी स्थान के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं, जो आपका स्थानीय स्कूल नहीं है। स्कूल भर्तीकरण नीति (Placement Policy) के अनुरूप आपके आवेदन पर विचार करेगा। भर्तीकरण नीति के बारे में और अधिक जानकारी के लिए स्कूल में भर्तीकरण पृष्ठ पर जाएं।

## फाउंडेशन (प्रेप) के लिए नई राज्य-व्यापी टाइमलाइन

प्राथमिक (प्राइमरी) स्कूल के पहले वर्ष को फाउंडेशन या प्रेप कहा जाता है। हमने विक्टोरिया के सभी सरकारी प्राथमिक स्कूलों के लिए एक नई फाउंडेशन भर्तीकरण टाइमलाइन जारी की है (पृष्ठ 3 देखें)। इस टाइमलाइन का उद्देश्य आपको यह समझने में मदद देना है कि 2024 स्कूल वर्ष के लिए फाउंडेशन में अपने बच्चे/अपनी बच्ची को कब और कैसे भर्ती कराएँ।

## मुझे अपने बच्चे/अपनी बच्ची को प्राथमिक स्कूल के पहले वर्ष में कब भर्ती कराना चाहिए?

आपका बच्चा/आपकी बच्ची जिस वर्ष स्कूल शुरू करता/करती है, उसका उस वर्ष की 30 अप्रैल तक 5 साल की उम्र का होना अनिवार्य है।

स्कूली शिक्षा उन बच्चों के लिए अनिवार्य है, जो 6 साल के हो गए हैं।

अपने बच्चे/अपनी बच्ची को 2024 स्कूल वर्ष के लिए विक्टोरिया में किसी सरकारी प्राथमिक स्कूल में भर्ती कराने के लिए 28 जुलाई 2023 तक स्कूल में भर्तीकरण आवेदन जमा करें।

## मुझे अपने बच्चे/अपनी बच्ची को प्राथमिक स्कूल के पहले वर्ष में कैसे भर्ती कराना चाहिए?

अपने बच्चे/अपनी बच्ची को प्राथमिक स्कूल के पहले वर्ष में भर्ती कराने के लिए इन कदमों का पालन करें:

1. Find my School वेबसाइट पर अपने स्थानीय स्कूल की खोज करें (नीचे देखें)।
2. स्कूल का दौरा बुक करने या स्कूल और भर्ती आवेदन प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानने के लिए किसी सरकारी प्राथमिक स्कूल से संपर्क करें।
3. Enrolling in Foundation (Prep) से Foundation (Prep) enrolment सूचना पैक डाउनलोड करें (24 अप्रैल 2023 से उपलब्ध)।
4. फाउंडेशन भर्ती आवेदन को **शुक्रवार 28 जुलाई 2023 तक** जमा करें।
5. आपको **शुक्रवार 11 अगस्त 2023 तक** अपने आवेदन के परिणाम के बारे में सूचित कर दिया जाएगा। यदि आपको एक स्थान का प्रस्ताव मिलता है, तो आपको **शुक्रवार 25 अगस्त 2023 तक** प्रस्ताव स्वीकार करना होगा।
6. **टर्म 4 2023 के दौरान** भर्तीकरण जानकारी और पारगमन सत्रों में भाग लें।
7. आपका बच्चा/आपकी बच्ची **मंगलवार 30 जनवरी 2024 से** फाउंडेशन शुरू करेगा/करेगी।

## मैं अपने स्थानीय स्कूल की खोज कैसे कर सकता/सकती हूँ?

नीचे दिए गए कदमों का पालन करके Find my School वेबसाइट पर अपने स्थानीय स्कूल की खोज करें:

1. अपने ब्राउज़र में findmyschool.vic.gov.au एंटर करें।
2. 'Enter your address to get started' के तहत अपना स्थायी आवासीय पता एंटर करें।
3. 'Enrolment year' के तहत 2024 का चयन करें। **ध्यान दें:** 2024 स्कूल ज़ोन्स टर्म 1, 2023 के अंतिम महीनों से उपलब्ध होंगे।
4. 'School type' के तहत Primary का चयन करें।

फिर नक्शे में आपका पता, आपका स्थानीय स्कूल और बाईं ओर स्कूल का संपर्क विवरण दिखाई देगा। नीचे स्क्रॉल करने पर आपको अपने पते के सबसे नजदीक स्थित पांच स्कूल भी दिखाई देंगे।

आप 'Search for school' के तहत स्कूल के नाम से भी खोज कर सकते/सकती हैं।

## क्या मेरा बच्चा/मेरी बच्ची ऐसे सरकारी प्राथमिक स्कूल में आवेदन कर सकता/सकती है, जो हमारा स्थानीय स्कूल नहीं है?

हां, आप अपने स्थानीय स्कूल के अलावा अन्य स्कूलों में भी आवेदन कर सकते/सकती हैं। भर्तीकरण नीति और उपलब्ध स्थानों के अनुरूप स्कूल आपके आवेदन पर विचार करेगा। आपको Enrolling in school पृष्ठ पर आवेदनों को प्राथमिकता देने के बारे में जानकारी भी मिल सकती है।

## यदि मुझे पत्र प्राप्त होता है जिसमें बताया गया है कि मेरा भर्ती आवेदन असफल रहा, तो क्या होगा?

आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची को किसी अन्य स्कूल में भर्ती करने के लिए आवेदन करना चाहिए। आपके बच्चे/आपकी बच्ची को उसके स्थानीय स्कूल में एक स्थान मिलने की गारंटी दी जाती है। आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्थानीय स्कूल का निर्धारण उसके स्थायी आवासीय पते के आधार पर किया जाता है। अपने बच्चे/अपनी बच्ची के स्थानीय स्कूल का पता लगाने के लिए Find my School पर जाएं। Enrolling in school पृष्ठ पर आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के पते की पुष्टि करने में भी मदद मिल सकती है।

आप निर्णय के प्रति अपील भी कर सकते/सकती हैं। Enrolling in Foundation (Prep) पृष्ठ पर भर्तीकरण आवेदन परिणाम के प्रति अपील करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी उपलब्ध है।

## यदि मैं भर्तीकरण टाइमलाइन से चूक जाता/जाती हूँ, तो क्या होगा?

आप टर्म 2, 2023 से किसी भी समय 2024 स्कूल वर्ष के लिए फाउंडेशन में अपने बच्चे/अपनी बच्ची को भर्ती करने के लिए आवेदन जमा कर सकते/सकती हैं।

आपसे शुक्रवार 28 जुलाई 2023 तक भर्तीकरण आवेदन जमा करने के लिए कहा जाता है, किंतु इस तिथि के बाद भी ऐसे परिवारों से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जो भर्तीकरण टाइमलाइन से चूक जाते हैं, अपना स्थायी निवास बदलते हैं या विक्टोरिया में नए आते हैं।

28 जुलाई 2023 के बाद जमा किए गए भर्तीकरण आवेदनों को विभाग की भर्तीकरण नीति के अनुसार स्कूल द्वारा संसाधित किया जाएगा।

## मुझे प्राथमिक स्कूल में भर्ती कराने के बारे में और अधिक जानकारी कहां से मिल सकती है?

आप फाउंडेशन भर्तीकरण प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय प्राथमिक स्कूल से पूछ सकते/सकती हैं।

टर्म 2, 2023 की शुरुआत में आपको Starting School वेबपेज के Enrolling in Foundation (Prep) पृष्ठ पर फाउंडेशन भर्तीकरण प्रक्रिया के बारे में एक सूचना पैक भी मिल सकता है।

यदि आपको जानकारी पैक के अनुवाद में सहायता की आवश्यकता है, तो सहायता के लिए कृपया अपने स्थानीय प्राथमिक स्कूल से बात करें।

## मैं मदद के लिए किससे संपर्क कर सकता/सकती हूँ?

आप जिस प्राथमिक स्कूल में आवेदन करना चाहते/चाहती हैं, वहाँ के पारगमन समन्वयक (Transition Coordinator), भर्तीकरण अधिकारी (Enrolment Officer) या प्रिंसिपल (Principal) भर्तीकरण प्रक्रिया के बारे में आपके किसी भी प्रश्न में आपकी मदद कर सकते हैं।

## उपयोगी लिंक

कृपया नीचे कुछ उपयोगी लिंक देखें, जिनसे आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के 2024 में प्राथमिक स्कूल शुरू करते समय सहायता मिल सकती है:

मेरा स्कूल खोजें – findmyschool.vic.gov.au

स्कूल ज़ोन्स के बारे में जानकारी – vic.gov.au/school-zones

Enrolling in Foundation (Prep) – vic.gov.au/enrolling-foundation-prep

स्कूल में भर्ती – vic.gov.au/how-choose-school-and-enrol

विकलांगता और समावेशी शिक्षा – vic.gov.au/disability-and-inclusive-education

क्षेत्रीय कार्यालय संपर्क – vic.gov.au/office-locations-department-education-and-training

# 2023-24 के लिए टाइमलाइन

| 2023 में तिथियाँ | गतिविधि |
|---|---|
| **टर्म 2: सोमवार 24 अप्रैल 2023 - शुक्रवार 23 जून 2023** | |
| **टर्म 1 और 2, 2023** | प्राथमिक स्कूल 2024 में अपने बच्चे/अपनी बच्ची को फाउंडेशन (प्रेप) में भर्ती करने के इच्छुक परिवारों के लिए दौरे, सूचना सत्र और अन्य गतिविधियाँ आयोजित करते हैं। |
| **टर्म 2, 2023 की शुरुआत तक** | 2024 स्कूल वर्ष के लिए स्कूल ज़ोन्स यहाँ लाइव उपलब्ध होंगे: findmyschool.vic.gov.au<br>माता-पिता/देखभालकर्ताओं को 2024 के लिए अपने नामित आस-पड़ोस स्कूल का पता लगाने के लिए findmyschool.vic.gov.au पर जाना चाहिए।<br>Enrolment Information Pack for Parents/Carers डाउनलोड करने के लिए यहाँ उपलब्ध है: Enrolling in Foundation (Prep)। |
| **टर्म 2, 2023 के सप्ताह 1 से** | प्राथमिक स्कूल भावी परिवारों और अपने स्कूली समुदाय को Enrolment Information Packs उपलब्ध करा सकते हैं। |
| **टर्म 2, 2023 के सप्ताह 1 से** | **भर्तीकरण के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे** – इस तिथि से माता-पिता/देखभालकर्ता किसी सरकारी प्राथमिक स्कूल में अपना भरा गया भर्तीकरण आवेदन जमा कर सकते हैं। |
| **टर्म 3: सोमवार 10 जुलाई 2023 - शुक्रवार 15 सितंबर 2023** | |
| **शुक्रवार 28 जुलाई 2023 तक** | **भर्तीकरण के आवेदनों के लिए अंतिम तिथि** – इस तिथि तक माता-पिता/देखभालकर्ता को किसी सरकारी प्राथमिक स्कूल में अपना भरा गया भर्तीकरण आवेदन जमा करना होगा। |
| **शुक्रवार 11 अगस्त 2023 तक** | प्राथमिक स्कूल विभाग की भर्तीकरण नीति के तहत 'भर्तीकरण प्राथमिकता क्रम' ('Priority Order of Placement') के अनुसार माता-पिता/देखभालकर्ताओं को फाउंडेशन (प्रेप) भर्तीकरण परिणामों की लिखित सूचना देंगे। इसमें भर्ती पुष्टीकरण पत्र, प्रस्ताव पत्र या असफल आवेदन पत्र शामिल हो सकता है।<br>जिन माता-पिता/देखभालकर्ताओं को असफल आवेदन पत्र भेजा गया है, वे अपनी प्राथमिकता के स्कूल को लिखित में गैर-भर्तीकरण अपील जमा करना शुरू कर सकते हैं। |
| **शुक्रवार 25 अगस्त 2023 तक** | जिन माता-पिता/देखभालकर्ताओं को प्रस्ताव पत्र भेजा गया है, वे इस तिथि तक अपने बच्चे/अपनी बच्ची के स्थान के लिए स्वीकृति इंगित करते हैं। |
| **शुक्रवार 25 अगस्त 2023 तक** | माता-पिता/देखभालकर्ताओं द्वारा अपनी प्राथमिकता के स्कूल को लिखित में गैर-भर्तीकरण अपील जमा करने की **अंतिम तिथि**। |
| **शुक्रवार 15 सितंबर 2023 तक** | प्राथमिक स्कूल इस तिथि तक सभी माता-पिता/देखभालकर्ताओं को उनकी गैर-भर्तीकरण अपील के परिणाम के बारे में लिखित में सूचित करते हैं। |
| **टर्म 4: सोमवार 2 अक्टूबर 2023 - बुधवार 20 दिसंबर 2023** | |
| **टर्म 4, 2023 के दौरान** | प्राथमिक स्कूल पारगमन सत्र आयोजित करते हैं। |
| **शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 तक** | यदि माता-पिता/देखभालकर्ता अपनी **पसंद** के प्राथमिक स्कूल के पास जमा की गई अपील में असफल रहते हैं, तो उनके लिए संबंधित क्षेत्रीय निदेशक (Regional Director) के पास लिखित में गैर-भर्तीकरण अपील जमा करने की **अंतिम तिथि**। |
| **शुक्रवार 17 नवंबर 2023 तक** | क्षेत्र इस तिथि तक क्षेत्रीय निदेशक (Regional Director) के पास जमा की गई गैर-भर्तीकरण अपीलों के परिणाम के बारे सभी माता-पिता/देखभालकर्ताओं को लिखित में सूचित करते हैं। यह केवल उन्हीं अपीलों के लिए लागू है, जो अंतिम तिथि, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 तक प्राप्त हुई हैं। |